# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
## दिनांक–05.09.2025

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 05.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गनेश शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 13358/9/22 धारा 406,323,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त सलीम पुत्र फिरदोष निवासी ग्राम मिमलाना थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 05.09.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री विवेक चौधरी मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 632/14 धारा 379,411 भादवि में वारण्टी अभियुक्त वंशराज पुत्र धीरसिंह निवासी ग्राम भोकरहेडी थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को 01 अवैध चाकू के साथ भोकरहेडी मार्ग रजवाहे की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 283/25 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तगण अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 05.09.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री शानू चौधरी मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. सुल्तान उर्फ सोनू पुत्र रिसायत अली निवासी मल्लूपुरा थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर व 2. नौशाद अंसारी पुत्र लियाकत अंसारी निवासी मौ0 खालालबपुरा थाना जनकपुरी थाना सहारनपुर को पचैण्डा फ्लाईओवर के नीचे माल रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 नाजायज चाकू बरामद किये गये है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 219/25 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा तमंचे से फायरिंग करने का वीडियों वायरल करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 05.09.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री रेशमपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा तमंचे से फायरिंग करने का वीडियों वायरल करने वाले अभियुक्त दक्ष पुत्र प्रभात कुमार निवासी गंगलवाली गली उत्तरी सिविल लाईन थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को माल रोड पचैण्डा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 220/25 धारा 9(1)ए(1)/25(2) आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**
  दिनांक 05.09.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 221/25 धारा 65(1),351(3) व 5एल/6 पोक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्त साकिब उर्फ भूरा पुत्र नसीम हाल पता मौहल्ला नई बस्ती लडवा रोड थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को नायरा पेट्रोल पम्प के पास नहर पुल से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना खतौली पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–</u>**
  दिनांक 05.09.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह, उ0नि0 श्री नन्द किशोर शर्मा मय हमराहीगण द्वारा 1. वाद संख्या 6925/2009 धारा 379 भादवि में वारण्टी अभियुक्त राजीव पुत्र प्रकाश चन्द निवासी मौहल्ला गणेशपुरी थाना खतौली, मुजफ्फरनगर व 2. वाद संख्या 09/2023 धारा 376डी भादवि व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में वारण्टी अभियुक्त श्रवण उर्फ भोलू पुत्र वेदपाल उर्फ वेदू निवासी अन्तवाडा थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–</u>**
  दिनांक 05.09.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री दिनेश कौशिक मय हमराहीगण द्वारा 1. वाद संख्या 2840/18 धारा 138बी विधुत अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र ब्रहम सिंह निवासी ग्राम बीबीपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर 2. वाद संख्या 3844/9/18 धारा 279,338 भादवि में वारण्टी अभियुक्त मुजम्मिल पुत्र मीरहसन निवासी मखियाली थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकनों से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 05 जुआरी अभियुक्तगण गिरफ्तार–</u>**
  दिनांक 05.09.2025 को प्र0नि0 श्री बृजेश कुमार शर्मा थाना नई मण्डी मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण द्वारा सट्टे की खाईबाडी करने वाले अभियुक्तगण 1. समीर पुत्र नानू निवासी केसर वकील वाली गली खालापार थाना खालापार, मुजफ्फरनगर 2. गुलबहार पुत्र यामीन निवासी फैययाजपुरा कूकडा थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर 3. नौमान पुत्र युसूफ निवासी सूजडू खालसा पट्टी थाना खालापार, मुजफ्फरनगर 4. शाहनबाज पुत्र सब्बीर निवासी अहमदनगर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर व 5. तालिब पुत्र जीमल निवासी अहमदनगर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 23,150/– रूप्ये, 01 अखबार, 01 ताश की गडडी, 02 मोबाईल फोन व 01 पर्स बरामद किये गये है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 434/25 धारा 3/4 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। तथा गिरफ्तार अभियुक्त गुलबहार उपरोक्त थाना नई मण्डी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 392/25 धारा 191(2),191(3),190,115(2),76,333,,109(1),352,351(3)बीएनएस व 3(1)द,3(1)ध,3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में वांछित भी था।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्ता गिरफ्तार–**
  दिनांक 05.09.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री चरण सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 3506/20 धारा 138 एनआई एक्ट में वारण्टी अभियुक्ता स्नेहलता अग्रवाल पत्नी संजय अग्रवाल निवासी मौ0 आर्दश कालोनी थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्ता के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 05.09.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री महेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 12463/9/17 धारा 324,506,34 भादवि में वारण्टी अभियुक्त जहीर पुत्र नसीर निवासी कुंगरपट्टी सूजडू थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना जानसठ पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 05.09.2025 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार तेवतिया मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 82/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त सावेज पुत्र अली अब्बास निवासी ग्राम खिरवा जलालपुर थाना सरधना जनपद मेरठ को मुखबिर की सूचना पर थाना जानसठ क्षेत्र अर्न्तगत गिरफ्तार किया गया।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित चोर अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 05.09.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रवीन कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 192/25 धारा 305ए,317(2),331(4) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जुल्फकार उर्फ छोटू पुत्र महमूद निवासी ग्राम विज्ञाना थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को रसूलपुर जाटान मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 01 मोबाईल फोन तथा 10 हजार रूप्ये नगद बरामद किये गये।

- **थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 05.09.2025 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अनिल कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2606/9/18 धारा 354,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त आशु उर्फ वाशुदेव पुत्र संजीव निवासी ग्राम सैदपुरा खुर्द थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 05.09.2025 को थानाध्यक्ष श्री पवन कुमार थाना तितावी मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 221/22 धारा 125(3) सीआरपीसी में वारण्टी अभियुक्त नितिश सिंह पुत्र विदेश सिंह निवासी ग्राम जसोई थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा अग्निवीर आर्मी भर्ती में फिजिकल पास कराने तथा भर्ती कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर रूप्यो की ठगी करने वाला 01 जालसाज अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

  दिनांक 05.09.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री सतेन्द्र सिंह ढिल्लो मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 218/25 धारा 318(4),338,336(3),340(2) बीएनएस में वांछित तथा अग्निवीर आर्मी भर्ती में फिजिकल पास कराने तथा भर्ती कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर रूप्यो की ठगी करने वाला 01 जालसाज अभियुक्त सुमित कुमार पुत्र रकम सिंह निवासी कस्तला शमशेरनगर थाना इंचौली जनपद मेरठ को कम्पनी बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 आर्मी का फर्जी आई डी कार्ड, 01 आर्मी की वर्दी मय जूता बेल्ट कैप, 01 मोबाईल फोन व 01 स्कूटी बिना नम्बर बरामद की गयी।